बुलडोजर की ताकत से आ रहा निवेश

सीएम योगी ने कहा- प्रदेश में संगठित अपराध शून्य हुआ, चार वर्ष में दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा यूपी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बुलडोजर की ताकत है कि यूपी में निवेश आ रहा है। बुलडोजर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करता है। वहीं, माफिया की कमर भी तोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ की जनता के हित में जो होगा, वह कदम उठाएंगे। वह सोमवार को एक टीवी न्यूज चैनल को साक्षात्कार दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि यूपी में संगठित अपराध शून्य हो गया है। प्रदेश में समानांतर सरकार चलाने वाले माफिया अब नहीं दिखेंगे। यह प्रदेश सरकार की छह वर्ष की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जाति की बात करने वाले जनादेश का अपमान करते हैं। यह सरकार जनता ने चुनी है। इसलिए जनादेश का सम्मान करना होगा।

सीएम ने कहा कि आगामी चार वर्ष में यूपी दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनेगा। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के जरिये मिले निवेश प्रस्ताव बताते हैं कि यूपी के बारे में धारणा बदल चुकी है। जातिवाद, परिवारवाद व भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन के रूप में यूपी ने खुद को साबित किया है।

विकास और हिंदुत्व एक-दूसरे के पूरक : मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और हिंदुत्व को अलग अलग नहीं देखा जा सकता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक है। प्रदेश में धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में भी काफी काम हो रहा है। काशी, अयोध्या और प्रयागराज को देखें वहां लाखों युवाओं को रोजगार व नौकरी से जोड़ा गया है।

जनता ने देखा विपक्ष का व्यवहार

सीएम ने कहा कि जिन्होंने अपने कार्यकाल में विकास नहीं किया, वे विकास का आशय क्या जानेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन में विपक्ष का व्यवहार देश-प्रदेश ने देखा। मातृशक्ति व विधायिका के प्रति उनके आदर का भाव भी देखा गया।

■ **रेवड़ी बांटने के चक्कर में विकास पर असर न पड़े :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए पहले देश, फिर कुछ और है। जिस दिन हर नागरिक यह सोचने लग जाएगा, उस दिन भारत को सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई रोक नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि सस्ती लोकप्रियता व वोट बैंक राजनीति, रेवड़ी बांटने व व्यक्तिगत स्वार्थ में ऐसा कुछ न करें कि ग्रोथ रेट पर असर पड़े।

हमारे राजा सिर्फ राम हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने तुलसीदास की रामचरितमानस नहीं पढ़ी, वे ही उस पर अंगुली उठाएंगे। मध्यकाल में रामचरितमानस के जरिए तुलसीदास ने भारतीय चेतना को जागृत किया। उन्होंने कहा कि हमारा राजा अकबर नहीं, हमारे राजा सिर्फ राम हैं।

■ **यूपी में आज 360 डिग्री का अंतर दिख रहा :** उन्होंने कहा कि यूपी में 360 डिग्री का अंतर दिख रहा है। सर्वाधिक समय तक शासन करने वालों ने यूपी को उल्टा प्रदेश बना दिया था, पर यह अब सर्वोत्तम प्रदेश बन चुका है। सपा, बसपा और कांग्रेस ने परिवारवादी, जातिवाद के आधार पर समाज को विघटित कर विकास को बाधित किया।